3rd class Hindi Bodh Ch.6 Ques.Ans

मौखिक

1)प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क) प्रकृति को किसके समान बताया गया है ?

उत्तर- प्रकृति को माँ के समान बताया गया है ।

ख) प्रकृति में क्या क्या शामिल है ?

उत्तर- प्रकृति में नदी, पेड़, पहाड़, धरती, झरने ,खेत, सागर, आकाश, सूरज ,चाँद आदि शामिल है ।

ग) झरने किस प्रकार गीत गाते हैं ?

उत्तर- झरने कल-कल, छम-छम कर गीत गाते हैं ।

घ) पूरे संसार को किसने ढका है ?

उत्तर- पूरे संसार को नील गगन के विस्तार ने ढका है ।

ड) इस कविता का मुख्य संदेश क्या है ?

उत्तर- इस कविता का मुख्य संदेश यह है कि हमें प्रकृति के उपकार का ऋणी होना चाहिए।

लिखित

2)प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क) बच्चों को प्रकृति कैसी लगती है ?

उत्तर-बच्चों को प्रकृति बहुत प्यारी तथा माँ जैसी लगती है ।

ख)धरती सुन्दर क्यों लगती है?

उत्तर- धरती इसलिए सुंदर दिखती है क्योंकि इस पर नदी, पेड़, पहाड़ आदि हैं ।

ग) बच्चों के मन में तरंगे भरने का काम कौन करती है ?

उत्तर- बच्चों के मन में तरंगे भरने का काम सागर की लहरें करती हैं ।

घ) सूरज के उदय होने से वातावरण कैसा हो जाता है ?

उत्तर-सूरज के उदय होने से वातावरण रोशनी से भर जाता है ।